# राजस्थान सरकार
## निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर
"वित्त भवन" जनपथ, जयपुर– 302015

(दूरभाष नं0:– 0141–2740837,, फैक्स 0141–2742309, ई मेल:– jacct.dta@rajasthan.gov.in)


**क्रमांक:–** एफ.3(ई)(1)(6)/डीपीसी/2024–25/अलेसे–II/ 1989 **दिनांक:–** 08.01.2025

**आदेश संख्या:–**

राजस्थान अधीनस्थ लेखा सेवा नियम, 1963 के नियम 29(2ए) के अन्तर्गत गठित विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी वर्ष 2022–23) की सिफारिशों के आधार पर टी.एस.पी. क्षेत्र में श्री खुशवंत पाटीदार, कनिष्ठ लेखाकार (मेरिट संख्या 1316/2013) जन्म तिथी 05.04.1992 का चयन उक्त नियमों के अन्तर्गत सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II के रिक्त पद (दिनांक 01.04.2022) वरिष्ठता सह योग्यता के आधार पर किया गया था, किन्तु इनको विभागीय आदेश क्रमांक 994–1002 दिनांक 26.08.2022 द्वारा निलम्बित किए जाने के कारण पदोन्नति नतीजे को बंद लिफाफा किए जाने की अनुशंषा की गई थी। प्रकरण विचाराधीन होने के कारण इनके पदोन्नति आदेश जारी नही किये गये।

श्री खुशवंत पाटीदार, कनिष्ठ लेखाकार को विभागीय आदेश संख्या 64/2023–24 दिनांक 06.10.2023 के द्वारा बहाल किये जाने के कारण इनकी पदोन्नति सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II के पद पर पे मैट्रिक्स लेवल–11 में स्थानापन्न रूप से की जाती है। इनकी वरिष्ठता श्री निलेश पाटीदार एवं श्री राहुल दर्जी के मध्य रहेगी।

श्री पाटीदार, कनिष्ठ लेखाकार उक्तानुसार पदोन्नति के फलस्वरूप अपने वर्तमान पद पर इस पद को अस्थाई रूप से यथा आवश्यकता सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II में क्रमोन्नत मानते हुए कार्यग्रहण कर अग्रिम आदेशों तक यथावत कार्यरत रहेगें।

श्री खुशवंत पाटीदार, को सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II के पद पर चयन वर्ष 2022–23 से इस आदेश की पालना में इस आदेश दिनांक तक पदोन्नति पद का वेतन निर्धारण का केवल काल्पनिक लाभ ही देय होगा।

(भूपेश माथुर)
निदेशक एवं पदेन
संयुक्त शासन सचिव

**क्रमांक:–** एफ.3(ई)(1)(6)/डीपीसी/2024–25/अलेसे–II/ 1989 **दिनांक:–** 08.01.2025

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–**

1. संबंधित विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष........................................................................
2. वरिष्ठ निजी सचिव, निदेशक महोदय।
3. संबंधित कनिष्ठ लेखाकार।
4. उपनिदेशक (एसीपी) कम्प्यूटर शाखा (वेबसाइट हेतु)।
5. रक्षित/निजी पत्रावली।

(के.जी. गुप्ता)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक)